-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 21.07.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **सावन के दूसरे सोमवार पर अतर्रा पुलिस ने बांटी श्रद्धालुओं में श्रद्धा और सेवा की सौगात।**
- **सावन मास के दूसरे सोमवार को अतर्रा पुलिस द्वारा श्रद्धालुओं हेतु भंडारे का आयोजन, पूड़ी-सब्जी का प्रसाद वितरित कर श्रद्धालुओं की आस्था का किया सम्मान।**

विवरण- आज दिनांक 21.07.2025 को सावन मास के पावन सोमवार के अवसर पर थाना अतर्रा पुलिस द्वारा गौरा बाबा महादेव मंदिर अतर्रा में विशेष भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को पूड़ी-सब्जी का प्रसाद वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस कर्मियों और ने पूरी श्रद्धा और सेवाभाव से सहभागिता की। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए थाना पुलिस द्वारा विश्राम एवं चिकित्सा सहायता की भी व्यवस्था सुनिश्चित की गई। बता दे कि इससे पहले भी अतर्रा पुलिस द्वारा प्रथम सोमवार को थाना परिसर में श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया था |

"आपके विश्वास की डोर, आपकी सेवा में हर कदम – बांदा पुलिस"